बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-63
29/01/2021

बिहार विधान परिषद् के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 29 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बिहार विधान परिषद् के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विधान परिषद् के उपभवन सभागार में सैयद शाहनवाज हुसैन एवं श्री मुकेश सहनी को शपथ दिलायी।

इस अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

शपथग्रहण के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग शपथग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। दोनों सदस्यों सैयद शाहनवाज हुसैन एवं श्री मुकेश सहनी जी को बहुत–बहुत बधाई।

******